## एक नजर में

### ज्येष्ठा-कनिष्ठा गौरी का आगमन आज

**इंदौर.** महाराष्ट्रीयन परिवारों में 31 अगस्त से तीन दिवसीय गौरी पूजन उत्सव का प्रारम्भ महालक्ष्मी स्वरूपा ज्येष्ठा एवं कनिष्ठा गौरी का आगमन बच्चों के साथ होगा. महागौरी के आगमन से पहले घर को विशेष रूप से सजाया संवारा जाता है तथा विशिष्ट स्थान पर मूर्तियों को स्थापित किया जाता है. ज्येष्ठा - कनिष्ठा गौरी का गृहप्रवेश महिलाओ द्वारा थाली घंटी नाद कर एवं हल्दी कुमकुम के साथ पैरो को छाप कर कराया जाता है. गोयल विहार अवेन्यू निवासी रेखा कुडाणेकर एवं सौ. सागरिका ने बताया कि भाद्रपद माह, शुक्ला पक्ष की अष्टमी तिथि को अनुराधा नक्षत्र में विशेष मुहूर्त पर ज्येष्ठा - कनिष्ठा का आगमन होगा. सर्व प्रथम गौरी को सम्पूर्ण घर में घुमाकर घर का अवलोकन कराया जायेगा तत्पश्तात विशेष रूप से सजाकर रखे स्थान पर स्थापित किया जायेगा, विधिवत पूजन एवं सोलह श्रृंगार करने के उपरान्त विविध प्रकार के मिष्ठान्न का भोग लगाया जायेगा. शाम को महिलाओं के लिए विशेष हल्दी कुमकुम का आयोजन कर प्रसाद वितरित किया जायेगा. दूसरे दिन नवमी तिथि को महापूजा पश्चात 16 प्रकार के विभिन्न व्यंजनों महाभोग लगा कर पूरन की थाली सजाकर आरती होगी. इस अवसर पर सुहागिनों, रिश्तेदार एवं बहन बेटियों को भोजन कराया जाता है और तीसरे दिन नवमी तिथि को दही चावल का भोग लगाकर ज्येष्ठा-कनिष्ठा को विदा किया जायेगा.



### तपस्या से संयम, धैर्य, आत्मबल की प्राप्ति : प्रियदर्शना महाराज



**इंदौर.** महालक्ष्मी जैन स्थानक भवन में आज कीर्ति पीयूष पोखरना के 11उपवास के पच्छखान का तप महोत्सव हुआ. प्रियदर्शना मसा ने तप के उपर अच्छे से समझाते हुए कहा कि यह तप मार्ग जीवन के उच्च आदर्शों की और ले जाने वाला है. आपने तपस्या करके न केवल अपनी आत्मा को बल प्रदान किया है. बल्कि समस्त समाज को भी संयम, धैर्य, और तप की प्रेरणा दी है. धन्य है आप और आपका परिवार जो तप के मार्ग पर चलते हुए अपने कर्मो की निर्जरा की है. साथ ही कल्पदर्शना मसा ने भी तपस्या पर गीत के माध्यम से तप के बारे मे बताया की तप मानव जीवन का श्रंगार है. संघ द्वारा तपस्वी कीर्ति पोखरना का सम्मान किया गया इस अवसर पर रितेशजी कटकानी, पारस जैन, मनासा, अभय पोखरना, लोकेन्द्र पोखरना, जवाहर भंडारी मंदसौर, चोरड़िया परिवार मलकापुर अन्य शहरों से सम्माननीय पदाधिकारी गण, महालक्ष्मी नगर संघ के समस्त ट्रस्टीगण, पदाधिकारी, सदस्य गण आदी श्रावकगण उपस्थित थे. सभी महानुभावों का शब्दों से स्वागत संघ के अध्यक्ष विरेन्द्र नाहर ने किया. संचालन भगवतीलाल भटेवरा ने किया. गोतम प्रसादी का लाभ रवि पोखरना परिवार की तरफ से था.

### अल्ट्रावायलेट के एक्सपीरियंस सेंटर का उद्घाटन



**इंदौर.** यूरोप में अपने वैश्विक लॉन्च के बाद अल्ट्रावायलेट ने इंदौर में एक अत्याधुनिक एक्सपीरियंस सेंटर के उद्घाटन के साथ भारत में अपने विस्तार को आगे बढ़ाया. यह नव स्पेस स्टेशन डीलर 'एनएमआरके वैल्यू क्रिएशन्स प्राइवेट लिमिटेड' के साथ साझेदारी में स्थापित किया गया है. यह ग्राहकों को अल्ट्रावायलेट की प्रदर्शित मोटरसाइकिलें एफ77 मेक 2 और एफ77 सुपर स्ट्रीट का व्यापक अनुभव प्रदान करेगा. यह यूवी स्पेस स्टेशन एक 3एस सुविधा है. यहां टेस्ट राइड अनुभव, बिक्री, सेवा और मोटरसाइकिल एक्सेसरीज़ सभी उपलब्ध होगी. अल्ट्रावायलेट के सीईओ और सह-संस्थापक नारायण सुब्रमण्यम ने उद्घाटन पर कहा मध्य प्रदेश में नवाचार की गति उल्लेखनीय गति पकड़ रही है और हम इसके सबसे बड़े और प्रमुख व्यावसायिक केंद्रों में से एक में उपस्थित होकर रोमांचित हैं. अपनी उद्यमशीलता की भावना और प्रौद्योगिकी व वाणिज्य के फलते-फूलते पारिस्थितिकी तंत्र के लिए प्रसिद्ध इंदौर लंबे समय से प्रगतिशील शहरी विकास का प्रतीक रहा है. इंदौर तेज़ी से इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने का केंद्र बन रहा है. मप्र में हमारे पहले एक्सपीरियंस सेंटर का उद्घाटन नवाचार, प्रदर्शन और भविष्य के लिए तैयार डिज़ाइन को महत्व देने वाले समुदाय से जुड़ने की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण क्षण है.

### ग्रैंड शॉप्सी मेला शुरू

**इंदौर.** भारत में आगामी त्योहारी सीजन की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं, ऐसे में फ्लिपकार्ट के शॉप्सी ने अपने सबसे प्रतीक्षित खरीदारी उत्सव और साल की सबसे बड़ी सेल, ग्रैंड शॉप्सी मेला (जीएसएम) की घोषणा कर दी है. यह सेल 29 अगस्त से 7 सितंबर तक चलेगी और इसमें ऐसे गिरेंगे दाम, शॉपिंग होगी सुबह शाम थीम के साथ ग्राहकों को शानदार अनुभव मिलेगा. शॉप्सी और फ्लिपकार्ट मार्केटप्लेस के बिजनेस हेड, कपिल थिरानी ने कहा, त्योहारी सीजन के करीब आते ही, ग्रैंड शॉप्सी मेला भारत में सस्ती खरीदारी का एक शानदार मौका लेकर आ रहा है. यह मेला ढेर सारे सामान को किफायती दामों पर पेश करता है, ताकि परिवार बिना किसी परेशानी के त्योहारों का आनंद ले सकें. साथ ही, यह छोटे शहरों के दुकानदारों को लाखों नए ग्राहकों तक पहुंचने का मौका देता है. हमें विश्वारस है कि इस बार का मेला खरीदारी को और भी मजेदार और सस्ता बनाएगा और यह सबके लिए खुला है.

### सिद्धार्थ मल्होत्रा ने कपिल शो में मज़ेदार बातें शेयर कीं

**इंदौर.** इस शनिवार द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीज़न 3 में डायपर, डांस मूव्स और दिल से रोमांस - सब कुछ होगा, जब परम सुंदरी की टीम - सिद्धार्थ मल्होत्रा, जान्हवी कपूर, संजय कपूर, मंजोत सिंह और इनायत वर्मा कपिल शर्मा के शो पर मस्ती करेंगे. एपिसोड की शुरुआत में मज़ाक करते हुए कपिल ने कहा कि हर किसी की ज़िंदगी में एक परम सुंदरी- होती है : या तो क्रश या फिर बीवी. उन्होंने सिद्धार्थ को शादी के बाद भी उनके ऑन-स्क्रीन रोमांस के बारे में चिढ़ाया, जिस पर सिद्धार्थ ने हंसते हुए मज़ेदार जवाब दिया, भाई, हम साल में एक-दो बार रोमांस करते हैं स्क्रीन पर, आप तो सौ एपिसोड में. इस एपिसोड में सिद्धार्थ अपने नए पापा बनने की जिंदगी की प्यारी झलक साझा करते हुए फैन्स को देखने को मिलेगा.

### बेस्ट इन टेक अवॉर्ड्स के विजेताओं की घोषणा

**इंदौर.** बेस्ट इन टेक अवॉर्ड्स (बिटा) के विजेताओं की घोषणा आज कर दी गई. ये अवॉर्ड्स भारत के विभिन्न कैटेगरी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कंज्यूमर टेक्नोलॉजी प्रोडक्ट्स को समर्पित हैं, जिसका उद्देश्य उन गैजेट्स को पहचान दिलाना है जिन्होंने असाधारण प्रदर्शन किया है और मार्केट में उपभोक्ताओं का विश्वास अर्जित किया है. यह सम्मान प्रक्रिया भारत के टेक्नोलॉजी परिदृश्य से जुड़े व्यापक मार्केट डेटा और ग्राहक प्रतिक्रिया पर आधारित है. जिन प्रोडक्ट्स को यह पहचान मिली है, उन्होंने लगातार बेहतर प्रदर्शन और उपभोक्ता संतुष्टि के मानकों को पूरा किया है. अमेज़न इंडिया की डायरेक्टर कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, ज़ेबा खान ने कहा आज उपभोक्ता अपनी टेक्नोलॉजी खरीदारी के लिए भरोसेमंद स्रोतों पर अधिक निर्भर होते जा रहे हैं, खासकर बड़े शॉपिंग पीरियड्स के दौरान. ये अवॉर्ड्स भारत द्वारा परखे और अपनाए गए टेक्नोलॉजी प्रोडक्ट्स को सामने लाते हैं और उन ब्रांड पार्टनर्स को भी सम्मानित करते हैं जो लगातार उत्कृष्टता प्रदान कर रहे हैं.

# सराफा चौपाटी : पूरी तरह हटाने और परंपरा कायम रखने के बीच उलझा मुद्दा

## सराफा बारूद के ढेर पर बैठा है : सोना चांदी व्यापारी, आज तक कोई हादसा नहीं हुआ : चाट चौपाटी व्यापारी

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर में सराफा व्यापारी एसोसिएशन द्वारा रात्रि कालीन खानपान की चौपाटी हटाने की मांग की जा रही है. सराफा एसोसिएशन ने 1 सितंबर से चौपाटी नहीं लगने देने का फरमान भी सुनाया है. वहीं शहर और अन्य लोगों का मानना है कि रात्रिकालीन चौपाटी शहर की देश विदेश में पहचान है. इस मामले में महापौर, विधायक से लेकर नगरीय प्रशासन मंत्री और मुख्यमंत्री तक बात पहुंच गई है.


बताया जा रहा है कि सराफा में अराजकता को लेकर चाइनीज आयटम के ठेले मुख्य कारण है और पिछले कुछ सालों में ही यह ठेले बड़ा सराफा में लगे है. इन ठेलों के कारण ही सराफा की शांति और माहौल खराब हुआ है. पारंपरिक दुकाने मोरसली गली के पहले तक ही लगती है. कल मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी दोनों तरह के दुकानदारों को आपसी समन्वय से समस्या का निदान करने का कहा है. कल एक बार फिर महापौर से दोनों व्यवसाय के व्यापारी मिलेंगे. उक्त मुद्दे को लेकर नवभारत अखबार सराफा के सोना चांदी व्यापारी और चौपाटी व्यापारियों के बीच पहुंचा. मौके पर पहुंचकर दोनों व्यापारियों के विचार जाने.




### सराफा व्यापारियों के चौपाटी हटाने को लेकर तर्क



सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष हुकुम सोनी ने कहा कि हमारी संस्था व्यापारियों की तकलीफ और समस्या की लड़ाई लड़ रही है. चौपाटी को अन्यत्र स्थानांतरित कर दे या हमको कर दो. आज सराफा की सुरक्षा खतरे में है. व्यापारियों की समस्या को निदान करना एसोसिएशन का काम है. बहुत वर्षो से चौपाटी को लेकर व्यापारी परेशान है. स्थिति बिगड़ती जा रही है. कानून व्यवस्था की हालत से सभी चिंतित है. कोई हादसा हो गया तब क्या होगा? इसलिए चौपाटी हटाने की मांग कर रहे है.



वैभव श्री ज्वेलर्स के **अशोक गुप्ता** ने कहा कि चौपाटी की दुकानें रात 10 बजे बाद खुले तो कोई आपत्ति नहीं है. चौपाटी वाले शाम 7 बजे ही ठेले लेकर व्यापार प्रभावित करते हैं. उससे परेशानी होती है. कई बार चौपाटी आग्रह करने के बाद भी चौपाटी के ठेले वाले नहीं सुनते है और विवाद करने लगते हैं.



सोना चांदी व्यापारी **निलेश नीमा** ने कहा कि चौपाटी हटना चाहिए. बेवजह अतिक्रमण करके गैस सिलेंडर से खतरा व्यापारी को है. सोना महंगी धातु है, कोई दुर्घटना होती है, उस स्थिति में जनमानस के साथ व्यवसायिक नुकसान भी होगा. आज हालत बदल गए है और व्यापार देर रात तक का हों गया है.



अलंकार ज्वेलर्स के **मितुल देसाई** का कहना है कि चौपाटी नहीं लगना चाहिए. चौपाटी की आड़ में अनैतिक कृत्य होते हैं. महिलाओं से अभद्रता की जाती है. जो चीज खुले बाजार में नहीं बिकना चाहिए, वो यहां बिकती है. पुरातन चौपाटी के समय मीठा घर से बनाकर लाते थे और यहां बेचते थे. सराफा बाजार बारूद के ढेर पर बैठा है. यहां मार्केट में बंगाली कारीगरों के हजारों गैस सिलेंडर है और बाहर चौपाटी वालों के अलग गैस सिलेंडर चलते है। जिस दिन कोई हादसा हो गया तो संभालें नहीं संभलेगा. विकराल रूप धारण कर लेगा और नुकसान का भी आंकलन नहीं कर पाएंगे.



देवीशा ज्वेलर्स के पुरषोत्तम शर्मा ने कहा कि चौपाटी से सराफा की पहचान नहीं है. वर्तमान में बड़े सराफा में ठेले लगे है, वो सब अभी 10-12 सालों में लगे है. चौपाटी को हटाने को लेकर तर्क दिया जा रहा है कि धरोहर है. शहर की धरोहर तो किशनपुरा की छत्रीयां है, न की चाट चौपाटी. छतरियों के पास पार्किंग भी है संजय सेतु पर भी जमीन है. 75-80 ठेले कहीं भी एडजस्ट हो जाएंगे और छत्रियों पर लाइट एंड साउंड का प्रोग्राम भी प्रशासन करे. सभी से लाइसेंस से लेकर विभिन्न तरह का टैक्स निगम को भी मिलेगा.

### चौपाटी एसोसिएशन व्यापारियों के विचार...



सांवरिया चाट के मुकेश पंड्या ने बताया कि सालों से दुकानें चला रहे है. ऐसा कोई हादसा नहीं हुआ है. सीजफायर रख कर और ज्यादा सुरक्षित एवं ध्यान से व्यवस्था करने को तैयार है. मेरी दूसरी पीढ़ी है और करीब 40 सालों से दुकान लगा रहे है.



अग्रवाल आइसक्रीम के संचालक मुकेश अग्रवाल ने कहा कि शहर बड़ा होने के कारण जनता का आवागमन बढ़ गया है। सराफा थाना सामने है तो सुरक्षा की भी उतनी दिक्कत नहीं है. हम लोगों ने व्यापारियों से प्रार्थना की है कि हमारी रोजी रोटी आपके द्वारा ही चलती है. एसोसिएशन जो तय करेगा, उसके मानेंगे. बाजार में चाइनीज आयटम नहीं बिकना चाहिए और हम भी व्यापारियों की व्यवस्थाओं का ध्यान रखेंगे.



सराफा चौपाटी एसोसिएशन के अध्यक्ष राम गुप्ता ने कहा कि हम कोई लड़ाई नहीं लड़ना चाहते है. व्यापारियों एसोसिएशन से बात हुई है. उनसे निवेदन किया है कि हम कमियों को दूर करेंगे. परंपरागत दुकानों को चयनित कर दे. गैस टंकियों के लिए सीजफायर रखेंगे. फायर की दो मोटर साइकिल खड़ी करने की व्यवस्था के लिए भी तैयार है. हम शासन प्रशासन के साथ है. व्यापारियों से निवेदन कर रहे है और करेंगे की हमारी दुकानें लगने दे. सराफा व्यापारी और हम चौपाटी वाले परिवार है.



नीमा कुल्फी के नटवर नीमा का कहना है कि हमारी पारंपरिक दुकानें हैं और हमारा आने का समय रात 9 बजे बाद का ही है. नई दुकान वाले शाम 7 बजे आ जाते है, उससे परेशानी है,उनकी गलती कारण हमको सजा क्यों देना चाहिए ? शहर में हटाने के बाद इतनी जगह कहा है? गैस सिलेंडर की बात व्यापारियों के बंगाली कारीगरों की हजारों टंकिया है. आज तक कुछ नहीं हुआ है. सिर्फ कुछ खानपान की वस्तुएं जैसे छोले टिकिया या भुट्टे का किस गैस टंकी आती है, क्योंकि उनको गरम ही देना होता है. कुछ मिठाईयां भी गरम करना होती है, जैसे गुलाब जामुन, जलेबी.

आज ही चिमनबाग में फफाड़े वाले के यहां आग लग गई, वो जगह तो खुले में है ना? हम प्रशासन के बात करके साफ सफाई और अन्य व्यवस्थाओं का ध्यान रखेंगे.



शर्मा छोले टिकिया वाले रूपनारायण शर्मा का खाना है कि मुझे 50 साल होने को आए है यहां टिकिया बेचते हुए. आज तक कोई घटना नहीं घटी है. रात को बाजार बंद होने के बाद हम ओटलो की साफ सफाई और धो कर जाते है, ताकि व्यापारियों को कोई परेशानी नहीं हो. हमारी मांग है कि पुरानी दुकानों का नहीं हटाया जाए. हटाना है तो चाइनीज और अन्य कुछ भी बेच रहे है उनको हटाए. बीच का रास्ता निकाले कि व्यापारी व्यापार करे और चौपाटी भी लगी रहे. हम भी व्यापारियों की सुरक्षा का ध्यान रखने को पूरी तरह से तैयार है.











